-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना चिल्ला पुलिस द्वारा क्रूरतापूर्वक वाहन में क्षमता से अधिक बेजुबान पशुओं को लादकर ले जाते समय 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। एक कन्टेनर ट्रक में 51 पशुओं को उन्नाव ले जा रहे थे अभियुक्त।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में आज दिनांक 09.04.2025 को थाना चिल्ला पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम लोमर तिराहे के पास से 04 अभियुक्तों को एक कन्टेनर ट्रक में क्रूरतापूर्वक पशुओं को लादकर उन्नाव ले जाते समय थाना चिल्ला क्षेत्र के लोमर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। कन्टेनर ट्रक से कुल 51 पशु बरामद हुए है जिनमें 45 भैसें व 05 पड़वा जिन्दा तथा 01 पड़वा मृत बरामद हुआ।

बरामदगी-

- 45 नग भैंसे व 06 नग पड़वा
- 01 कन्टेनर ट्रक (परिवहन में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अर्जुन रैकवार पुत्र रवि रैकवार निवासी सिविल वार्ड न0 09 खजुरी मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद दमोह(म0प्र0)।
2. धनी राम अहिरवार पुत्र कन्हैया लाल निवासी मकान न0 53 जाटव गली बल्लभ नगर थाना मोती नगर जनपद सागर (म0प्र0)।
3. शाहिद कुरैशी पुत्र शादत कुरैशी निवासी सदनपुर मोहल्ला तिलक नगर थाना कोतवाली उरई जिला जालौन।
4. साहिद कुरैशी पुत्र गफ्फुर निवासी लाला कसाई गली भगत सिह वार्ड थाना मोती नगर जिला सागर (म0प्र0)।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री अनिल कुमार राय
2. उ0नि0 श्री उत्कर्ष सिंह
3. कां0 अजय कुमार
4. कां0 जोखन सिंह